(ख) रेल पथ में सुधार करने की दृष्टि से पुराने काटों और पार के बदलाव का काम निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर शुरू किया गया है।

इस खण्ड पर छोटी लाइन के गतायु और अलाभप्रद चल-स्टाक को बदलने का काम चरणबद्ध रूप मे शुरू किया गया है।

मध्य प्रदेश में माताटीला बांध से सिंचित भूमि का क्षेत्र

7162. **श्रीमती बी आर. सिन्धिया** क्या सिचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) माताटीला बाध से मध्य प्रदेश के कितने क्षेत्र मे सिचाई की जाएगी; और

(ख) इस बाध से मध्य प्रदेश के कितने क्षेत्र की सिच ई के लिए पानी दिया जा रहा है और कम पानी दिए जाने के क्या कारण हैं ?

सिचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) (क) और (ख). माताटीला बाध, मध्य प्रदेश मे 1,10,000 एकड़ भूमि की सिचाई करने के लिए बनाया गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि कमानगत क्षेत्र मे सिचाई का अब भी विकास हो रहा है और 1971-72 के दौरान, 52,800 एकड़ भूमि की सिचाई की गई। उन्होंने बताया है कि यह किसी पानी की सप्लाई की कमी के कारण नही है, बल्कि विकास में जो कमी रह गई है वह माइनरो और जलमार्गों की कमी, कुछ खास ड्रेनेज कार्यों की अपर्याप्त क्षमता और कुछ नहरों में गाद जमा होने के कारण है।

सिंध नदी (मध्य प्रदेश) पर बांध के निर्माण में प्रगति

7163. **श्रीमती बी० आर० सिंधिया** क्या सिचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ग्वालियर डिवीजन (मध्य प्रदेश) मे मगरौनी के निकट सिंध नदी पर बाध के निर्माण मे अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

सिचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) परियोजना की तकनीकी जाच लगभग पूर्ण हो गई है और इसके निकट भविष्य मे मध्य प्रदेश की विकासात्मक योजनाओ मे शामिल करने के लिए स्वीकृत होने की संभावना है।

Price of Coal

7165. SHRI JYOTIRMOY BOSU Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state the rate at which coal is supplied to Railways by coal fields in West Bengal, Bihar and Madhya Pradesh ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K HANUMANIHAIYA): The required information is given in the attached statement.

Statement

COALFIELD	Grade of steam coal	(Figures in Rs.) Price per tonne as approved for supplies from 1-1-1972.
1	2	3
West Bengal & Bihar	Selected 'A'	41.10
	Selected 'B'	39.54
	Grade I	35.99
	Grade II	31.01

1	2	3
Madhya Pradesh	Selected	38.35
	Grade I	34.96
	Grade II	32.87

Note :—Additional price of 25 paise per tonne is payable for coals of Bengal & Bihar if the average loaded wagon despatches during 1972 is adjudged not satisfactory.

दिल्ली में नये रेलवे क्वार्टरों का निर्माण

7166. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1971 तथा 1972 में दिल्ली क्षेत्र में कितने नये रेलवे क्वार्टरों का निर्माण हुआ है; और

(ख) संकेत तथा दूर संचार विभाग के कर्मचारियों तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों को कितने-कितने क्वार्टर आवंटित किये गए है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) नीचे लिखे वर्षों में बनाये गये मकानो की संख्या :

1970-71

श्रेणी III	श्रेणी IV
कोई नहीं	कोई नहीं

1971-72

श्रेणी III	श्रेणी IV
49	72

(ख) 1970-71 और 1971-72 के दौरान सिगनल और दूर संचार विभाग के कर्मचारियों को आवंटित मकानों की संख्या :

1970-71

श्रेणी III	श्रेणी V
4	कोई नहीं

अन्य विभागों के कर्मचारियों को आवंटित मकानों की संख्या :

श्रेणी III	श्रेणी IV
45	कोई नहीं ।

पूर्वोत्तर रेलवे के बलिया और वाराणसी स्टेशनों के बीच डीजल-कार का चलना

7168. **श्री चन्द्रिका प्रसाद** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे के बलिया और वाराणसी स्टेशनों के बीच चलने वाली डीजल-कार अत्यधिक भार होने के कारण कितनी बार खराब हुई है; और

(ख) इस मामले में सरकार का विचार क्या उपाय करने का है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) एक बार भी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

गांव में सस्ती दरों पर बिजली की सप्लाई

7170. **श्री मूलचन्द डागा** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गांवों में सस्ती दर पर बिजली सप्लाई करने का प्रयास कर रही है;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने वर्ष 1966-67 के पश्चात् तीन वर्ष तक बढ़ी हुई दरों का 50 प्रतिशत भार वहन करने का दायित्व लिया था; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने यह योजना क्रियान्वित की है ?